# एक नजर

## पीएनबी में किसान ऋण महोत्सव का आयोजन




जयपुर(कासं.)।

पंजाब नेशनल बैंक द्वारा अलवर मंडल की दौसा व अलवर जिले में अपनी 85 शाखाओं के माध्यम से किसानों को नवीन ऋण स्वीकृत करने हेतु 08 सितंबर 2023 से 23 सितंबर 2023 तक किसान ऋण वितरण महोत्सव आयोजित किया जा रहा है।

गिरिवर कुमार अग्रवाल मंडल प्रमुख ने बताया कि मंडल के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में किसान ऋण महोत्सव का आयोजन कर किसानों को बैंक की विभिन्न ऋण सुविधाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी तथा मौके पर ही ऋण स्वीकृत किए जाएंगे। बैंक स्टाफ द्वारा 'प्रत्येक किसान को किसान ऋण कार्ड' अभियान में केसीसी से वंचित किसानों को यह सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। इस हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में शाखाओं के माध्यम से व्यापक प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। किसानों को बैंक की कृषि संबंधी योजनाओं यथा केसीसी, केजीएस,पीएनबी कृषि तत्काल ऋण, गोल्ड लोन आदि के संबंध में आज शाखा प्रबन्धकों की बैठक में एक इश्तिहार का विमोचन भी किया गया।

## साक्षरता रैली निकाल बनाई मानव श्रृंखला




सीमा संदेश संवाददाता

**दांतारामगढ़।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मंढा में प्रधानाचार्य मंसाराम पूनिया व साक्षरता प्रभारी अध्यापक रमेश कुमार मोहनपुरिया के सानिध्य में साक्षरता संदेश रैली निकाली गई। साक्षरता शब्द की बच्चों से मानव श्रृंखला बनाई गई। प्रभारी अध्यापक मोहनपुरिया ने सविस्तार साक्षरता के महत्व को बारे में विद्यार्थियों को समझाया। इस दौरान सुभाष चंद्र धायल, बोदूराम मीणा, मुकेश कुमार स्वामी, विमला देवी, श्रवण कुमार, महेश कुमार, नानूराम रैगर, पीटीआई ललित लावट आदि उपस्थित रहे।

## सरकारी स्कूल में लगवाया आरओ



सीमा संदेश संवाददाता

**सुरेरा।** निकटवर्ती गांव डांसरोली में राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय डाँसरोली में प्रधानाध्यापक विष्णु कुमार शर्मा ने बताया कि भामाशाह के सहयोग से आरओ सिस्टम विद्यालय के विद्यार्थियों के लिये लगवाया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विष्णु कुमार एवं स्टाफ साथियों की प्रेरणा से विद्यार्थी के लिये आरओ चौधरी जीवाराम, जोधाराम परसवाल चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा विद्यार्थियों के लिये फिल्टर पानी आरओ सिस्टम लगवाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने शिक्षा के मन्दिर में दान देने की अनुकरणीय पहल पर चौधरी जीवाराम जोधाराम परसवाल चेरिटेबल ट्रस्ट के संचालक गिरधारी, गंगाराम परसवाल भामाशाह का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सीनियर स्कूल के प्रधानाचार्य दयालचंद कुमावत, अध्यापक प्रियंका रैगर सहित विद्यालय से समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

## अनुशासित विद्यार्थी ही देश के कर्णधार : सत्यपाल मलिक

सीमा संदेश संवाददाता

**परबतसर।** जम्मू-कश्मीर एवं बिहार सहित देश के चार प्रमुख राज्यों के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल रहे मलिक रविवार को ज्ञान विहार स्कूल किनसरिया में पधारने पर विधालय परिवार की और से माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। पूर्व राज्यपाल मलिक विधार्थियों से रूबरू हुए। मलिक ने विधार्थियों को कड़ी मेहनत कर समाज एवं देश का नाम रोशन करने की बात कही। मलिक ने कहा की आज शिक्षा में तकनीकी सहित भौतिक सुख सुविधा भी है। मलिक रविवार मौलासर में शहीद मूर्ति अनावरण कार्यक्रम के बाद बिदियाद पर पहुंचे। पूर्व राज्यपाल के साथ सेवानिवृत्त आईएएस राधेराम गोदारा ने भी बच्चों का मार्ग दर्शन किया। मलिक ने राजनीतिक परिदृश्य के बारे में कहा देश और राज्य परिवर्तन की और है। आने वाला समय बदलाव का है जिसमें सभी नागरिक अपनी भूमिका तय करें। इस दौरान विधालय के सचिव गिरधारी लाल मुदलिया, प्रशासक नरेंद्र सिंह खोखर, भागीरथ मल चौधरी, जोगाराम, सुनिल, कृषि अधिकारी नारायण गुर्जर, बिरमा राम बडारडा, भंवर लाल, कानाराम दिवाच, आनंद मुदलिया, जयसिंह, प्रद्युम्न मुरावतिया, सुरेन्द्र सिंह सहित अन्य जन मौजूद रहे।

## मुवाल ब्लॉक लेवल पर हुए सम्मानित

सीमा संदेश संवाददाता

**डेगाना।** शिक्षक दिवस पर भेरूंदा ब्लॉक स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हेमंत कुमार मिश्रा ने की। जिसमें डेगाना निवासी शिक्षक शंकरलाल मुवाल भंवाल चारणा, बाबूलाल अध्यापक जसवंतपुरा, मोतीलाल गोरा आलनियावास को इनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए शिक्षक सम्मान हेतु ब्लॉक स्तर पर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अनिल शर्मा प्रधानाचार्य हरसौर, इंद्रा रिणवां आरपी सीबीईओ भैरून्दा, राजेन्द्र प्रजापत अध्यापक टेहला, हरिकिशन मातवा ब्लॉक साक्षरता समन्वयक सीबीईओ भैरून्दा, अनिता चौधरी प्राध्यापक थांवला, आशा वैष्णव अध्यापिका लाडपुरा सहित ब्लॉक के शिक्षक मौजूद रहे।

### नवागंतुक विद्यार्थियों का अभिनन्दन व सांस्कृतिक समारोह आयोजित

# छात्र-छात्राओं ने दी शानदार प्रस्तुतियां

सीमा संदेश संवाददाता

**दांतारामगढ़।** दांता के महर्षि परशुराम महाविद्यालय में बुधवार को नवागंतुक विद्यार्थियों का अभिनन्दन व सांस्कृतिक समारोह महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों व महाविद्यालय के निदेशक द्वारा गणेश जी, मां सरस्वती, परशुरामजी के समकक्ष द्वीप प्रज्वलित कर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में कॉलेज के निदेशक सुरेश शर्मा, सचिव डा. बालमुकुंद दीक्षित ने आये हुए सभी आगुंतक मेहमानों का महाविद्यालय की ओर से हार्दिक अभिनंदन व माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया।




कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा शानदार प्रस्तुतियां दी गई। वहीं गजेन्द्र सुतली तथा कमलेश कुमावत राजस्थानी तथा उनकी टीम के द्वारा तेजाजी महाराज के भजनों पर शानदार प्रस्तुतियां दी गई। गजेन्द्र सुतली द्वारा जीवित सांपों के साथ तेजाजी महाराज के गानों पर शानदार प्रस्तुतियां दी गई जिसमें वहां उपस्थित सभी ने सहारना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शेखावाटी विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रोफेसर भागीरत मल बिजारनिया ने विद्यार्थियों से कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम सीखने व स्वयं में विकास करने के लिए है, जिससे लीडरशिप करनी होती है तथा कोलेज से अपील की कि कल्चर पर प्रोग्राम समय-समय पर किया जाये। कल्चर प्रोग्राम मनोरंजन के लिए नहीं है, यह सीखने के लिए है। संगीत में स्वर और लय के अनुसार प्रस्तुति दी जाती है, नृत्य के जनक शिवजी के बारे में जानकारी दी तथा कहा कि हमारा संगीत बहुत पुराना है इस को आगे बढ़ाएं। इंद्रा चौधरी ने कहा कि कोलेज लाइफ बहुत महत्वपूर्ण है, यह समय बहुत कीमती है जिसका सदुपयोग विद्यार्थियों को करना चाहिए।

महाविद्यालय के निदेशक सुरेश शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में नवागंतुक छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया। कर्मचारी चयन बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष हरिप्रसाद शर्मा सेवानिवृत्त पूर्व आईजी तथा इंदिरा गठाला पूर्व जिला अध्यक्ष, नवरंग चौधरी प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान कॉलेज निजी संघ, भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष रहे कमल सिखवाल, स्वायत्त शासन मंत्री वित्तीय सलाहकार महेश तिवाड़ी, प्रधान गेंद कंवर, प्रभु सिंह गोगावास, गोविंद सिंह लांबा, रामसिंह उमड़ा, मधु कुमावत, महात्मा गांधी राजकीय स्कूल दांता के प्रधानाचार्य नीलम दीक्षित, उपप्रधानाचार्य लक्ष्मी शर्मा, परशुराम महाविद्यालय के निदेशिका अरुणा शर्मा, आदित्य शर्मा, कृष्ण शर्मा, ऋषि राज शर्मा, राजेंद्र धीरजपुरा, प्रकाश भाखर जिला अध्यक्ष राजस्थान निजी कॉलेज संघ, सुभाष भारती, मूल सिंह अलोदा, शकुंतला कुमावत, सुनील अनावड़िया, बाबूलाल हलदुनिया, डा खेताराम कुमावत, रामगोपाल बासनिवाल, रामेश्वर लाल जलिन्द्रा, भंवरलाल मुवाल सहित आस पास के महाविद्यालय के निदेशक व प्रतिनिधि गणमान्य लोग तथा महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस दौरान महाविद्यालय के 35 विद्यार्थियों का जो नेशनल तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल चुके हैं उनका सम्मान किया गया।

## बाबा रामदेव का मेला परवान पर

सीमा संदेश संवाददाता

**परबतसर।** भादवा माह लगते ही पैदल के दल आना शुरू हो गए हैं रास्ते में जगह-जगह विशाल भंडारों का आयोजन किया जा रहा है। जहां श्रद्धालु के चाय नाश्ते विश्राम की व्यवस्था की जा रही है। खुंडियास के बाबा रामदेव मेला समिति के अध्यक्ष रामलाल बाजाड,समिति के मंत्री अंनदा राम चौधरी ने बताया कि खुंडियास में बाबा रामदेव मंदिर में श्रद्धालुओं का रोजाना सैलाब आता है मेले में दुकान झूले मनोरंजन के साधन लग गए हैं। यह मेला अजमेर में नागौर जिले की सीमा पर स्थित होने के कारण दोनों जिलों के पुलिस प्रशासन या तैनात रहते हैं 8 अगस्त को मेला समिति व प्रशासन की संयुक्त बैठक आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि भादवा सुदी दूज से दसवीं तक विशाल मेला भरेगा मेले की व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई है।

# राजकीय विद्यालय खुलवाने की मांग, सौपा ज्ञापन

सीमा संदेश संवाददाता

**कुचामन सिटी।** शहर के दीपपुरा रोड़ पर स्थित वार्ड नम्बर 36,37 व 38 में नया राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खुलवाने हेतु शहर की सामाजिक संस्था मुस्लिम एज्यूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी के शिष्टमंडल ने विधायक एवं उप मुख्य सचेतक महेन्द्र चौधरी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने लिखा कि दीपपुरा रोड़ पर स्थित तीनों वार्डों में लगभग पॉच से छं हजार कि आबादी निवास करती है तथा उनके निवास से करीब दो किलोमीटर से भी अधिक दूरी पर कोई भी राजकीय विद्यालय स्थित नहीं है इन वार्डों के निवासियों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण अभिभावक अपने बच्चों को निजी विद्यालयों में अध्ययन हेतु प्रवेश नहीं दिला पाते हैं। इसलिए इन तीनों वार्डों के बीच में एक राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खुल जाएं तो वहां के बच्चे शिक्षा से वंचित नहीं रहेंगे।



सोसायटी के इस ज्ञापन को विधायक व उप मुख्य सचेतक महेन्द्र चौधरी ने तुरन्त ही मौके पर अपनी अभिषंशा कर मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री को प्रेषित किया जिस पर सोसायटी के पदाधिकारियों व सदस्यों ने उनका आभार जताया। ज्ञापन सौपने वालों में सोसायटी के सदर मोहम्मद शकील, नायब सदर जहीर अली खान, सेकेट्री अकीक अहमद उस्मानी, खजान्ची इमरान खान, मोहम्मद हबीब मौलानी, सरवर तंवर, इकबाल खान, सरवर खान, मोहम्मद आरिफ टॉक, अब्दुल हमीद आरबी,जावेद कलाल सहित सोसायटी के कई सदस्य शामिल थे।

## धूमधाम के साथ मनाई जाएगी जन्माष्टमी

सीमा संदेश संवाददाता

**डेगाना।** शहर के सदर बाजार में स्थित वेंकटेश सत्यनारायण मंदिर में मनाए जा रहे झूलोत्सव में मंगलवार को भी कई कार्यक्रम हुए। इसके तहत मंदिर के बैधनाथ करवा ने बताया कि नित्य रोज नया श्रंगार कर ठाकुरजी को सजे धजे पालने में झूला झुलाया जा रहा है। झूलोत्सव का गुरुवार को कृष्ण जन्मोत्सव मनाकर समापन होगा। कार्यक्रम में रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक महिलाएं, बच्चे, पुरुष मंदिर में आकर ठाकुरजी को झूला झुलाकर रहे है। राकेश करवा ने बताया कि झूलोत्सव में शाम 7 बजे से 11 बजे तक भजन-कीर्तन हो रहा है। इसमें महिलाएं व पुरूष भजन गाकर भगवान को रिझाते है। झूलोत्सव का समापन 7 सितंबर को कृष्ण जन्मोत्सव मनाकर किया जाएगा।

## बाबा खींवादास महाराज की बरसी पर दो दिवसीय धार्मिक आयोजन 7 व 8 को

सीमा सन्देश संवाददाता

**लोसल।** निकटवर्ती अखिल भारतीय सांगलिया धूणी के संत शिरोमणि पीठाधीश्वर बाबा खींवादास महाविद्यालय के संस्थापक मानवता के प्रेरक परम श्रद्धेय श्री लादूदास जी महाराज के महानतम शिष्य श्री बाबा खींवादास जी महाराज की 22 वीं बरसी (पुण्यतिथि) श्रद्धा पूर्वक मनाई जाएगी। अखिल भारतीय सांगलिया धूणी के पीठाधीश्वर श्री श्री 108 श्री ओमदास जी महाराज ने बताया कि इस दौरान धूणी परिसर में दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमो का आयोजन किया जाएगा। जिसमें गुरुवार को रात्रि में विशाल सत्संग समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें दूर-दराज के एवं आसपास के उच्च कोटि के भजन गायक कलाकार एवं संत महात्मा पधारेंगे।

ADITYA BIRLA CAPITAL
PROTECTING INVESTING FINANCING ADVISING

**आदित्य बिरला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय : इंडियन रेयॉन कंपाउंड, वेरावल, गुजरात-362266
शाखा कार्यालय : साबू टावर, कार्यालय नं. 302, तृतीय तल, द्वितीय चौपसनी रोड, जोधपुर-342003

**परिशिष्ट-IV [देखें प्रतिभूति हित (प्रवर्तन)नियम, 2002 का नियम 8(1)]**

**कब्जा सूचना(अचल सम्पत्ति के लिए)**

चूंकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता ने **आदित्य बिरला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय आस्तियों का पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम,2002 (2002 का 54) के अधीन और इसकी धारा 13(12) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **28-06-2023 को एक डिमांड नोटिस जारी कर ऋणधारकों झुमर घोराई (स्व. श्री जतिन्द्र नाथ घोराई के उपलब्ध कानूनी वारिस की क्षमता में) को नोटिस में उल्लेखित राशि जो रु. 6,25,696.99/-(रुपए छह लाख पच्चीस हजार छह सौ छियानवे व पैसे निन्यानवे मात्र)** इस नोटिस को प्राप्त करने की तिथि से 60 दिवस के भीतर अदा करने के लिए बुलाया था।

ऋणधारक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं, यहां ऋणधारकों तथा जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने अधिनियम की धारा 13(4) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 में उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **04 सितम्बर 2023** को नीचे उल्लेखित सम्पत्ति का कब्जा प्राप्त कर लिया है।

ऋणधारकों को विशेष रूप से एवं जन सामान्य को सावचेत किया जाता है कि इस सम्पत्ति के साथ कोई सौदा न करें और इस सम्पत्ति के साथ कोई भी सौदा राशि **रु. 6,25,696.99/-(रुपए छह लाख पच्चीस हजार छह सौ छियानवे व पैसे निन्यानवे मात्र)** व इस पर ब्याज के लिए आदित्य बिरला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्रभार का विषय होगा।

ऋणधारकों को सावधान किया जाता है कि अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा 8 के प्रावधानों के तहत उपलब्ध समय में सुरक्षित आस्तियों को मुक्त करवाने के लिए आमंत्रित हैं।

**अचल सम्पत्ति का विवरण**

द्वितीय तल, प्लॉट संख्या एच-48, सिटी होम्स, गांव भकासनी, पाली रोड, जोधपुर, राजस्थान-342001 के फ्लैट संख्या एच48/07 के समस्त खण्ड व हिस्से। अधिमापन 355.03 वर्ग याईस, 395 वर्ग फीट (कारपेट क्षेत्र) और 605 वर्ग फीट (बिल्ट अप क्षेत्र) **और सीमाबद्ध इस प्रकार** : उत्तर : फ्लैट संख्या एच-48/8 दक्षिण : सड़क 30 फीट चौड़ी **पूर्व:** फ्लैट संख्या एच-47/7 **पश्चिम** : फ्लैट संख्या एच-49/8

दिनांक : 04/09/2023
स्थान : जोधपुर

प्राधिकृत अधिकारी
आदित्य बिरला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर झांकियों की प्रस्तुतियां आज

सीमा संदेश संवाददाता

दांतारामगढ़। दलतपुरा गांव में हर हर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री सियाराम पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय दलतपुरा, सीकर (राज) के प्रांगण में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव महापर्व पर श्री कृष्ण भगवान की महाआरती एवं रंगारंग झांकियों की प्रदर्शनी कार्यक्रम किया जा रहा है।

संस्था के निदेशक सुभाष चन्द्र चक ने बताया कि इस महा पर्व पर बैकुंठ धाम, कारावास, कालिया मर्दन, कबड्डी, श्री कृष्ण रासलीला, मीराबाई, पितामह भीष्म सैंया, नरसिंह अवतार, श्री कृष्ण -सुदामा मिलन सहित अनेक रंगागंग झांकियों की प्रस्तुतियो की जाएंगी।

# मारवाड़ महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

सीमा संदेश संवाददाता

**डेगाना।** बुधवार को मारवाड़ महाविद्यालय में राजस्थान सरकार के अभियान राजस्थान मिशन-2030 के तहथ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। महाविद्यालय के व्यवस्थापक जितेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि कक्षावार व महाविद्यालय स्तर पर निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें निबंध प्रतियोगिता में छात्र राहुल ईन्दा कक्षा- बीए पार्ट थर्ड का व महाविद्यालय स्तर पर प्रथम एवं दूसरी भाषण प्रतियोगिता में उमेश




वैष्णव कक्षा- वीए.पार्ट द्वितीय का छात्र महाविद्यालय स्तर पर प्रथम रहा तथा विजेता प्रतिभागियों को, प्राचार्य, द्वारा प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। शिक्षक दिवस के उपलक्ष में विद्यार्थियों को आगामी विधान सभा चुनाव-2023 को दृष्टिगत के अनुसार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें महाविद्यालय के सूत्र/छात्राओं को ई.वी.एम. तथा वी.बी. पेट की जानकारी दी गई और विद्यार्थियों में मतदाता जागरूकता अभियान को सफल बनाने की सुनिश्चिता-लाने की शक्ति प्रदान की गई। इस अवसर पर व्यवस्थापक जितेंद्र सिंह शेखावत, हरिराम पवार, अजय सिंह शाहिद छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# आदर्श विद्या मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव आज

### महाआरती के साथ होंगे झांकियों के दर्शन, मटकी फोड़ व रासलीला की सांस्कृतिक प्रस्तुति

सीमा संदेश संवाददाता

**दांतारामगढ़ (सीकर)।** श्री बद्रीनारायण भैरवदत्त खेतान माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर दांता में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में गुरुवार को भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। जन्मोत्सव में महाआरती, संजीव झांकियों की प्रदर्शनी, मटकी फोड़ व महारासलीला कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। भारतीय शिक्षा प्रसार उप समिति दांता के पदाधिकारियों ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। विद्या मंदिर के परिसर को रंगीन लाईटों व झालरों से सजाया गया हैं। गुरुवार को सर्वप्रथम रात्रि 7.30 बजे से भगवान द्वारिकाधीश की महाआरती होगी जिसमें दांतारामगढ़ क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। इसके बाद रात्रि 7.45 बजे से 9.30 बजे तक भगवान श्री कृष्ण के जीवन की लीलाओं से सम्बन्धित विभिन्न सजीव मनमोहक झांकियों के दर्शन होंगे। जिसमें योगमाया की भविष्यवाणी, भगवान श्रीकृष्ण का जन्म, पालने में श्रीकृष्ण, यमुना पार, कालिया मानमर्दन, नटखट श्रीकृष्ण, लड्डू गोपाल, वनभोजन, ऊंखल बंधन, माखनचोर, कुबजा उद्धार, मालिन पर उपकार, पूतना वध, सुदामा मिलन, झूलोत्सव, द्वारिकाधीश, मीरा के श्याम, श्याम बाबा, गुरू दक्षिणा, संदीपनी आश्रम, भीष्म शरशैय्या, गोवर्धन पूजा, गीता उपदेश, रासलीला व मटकी फोड़ सहित अनेकों झांकियां मुख्य आकर्षक होगी।

वहीं रात्रि 8.15 बजे से 9.15 बजे तक विद्या मंदिर के भैया-बहिनों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दी जाएगी। फिर रात्रि 9.30 बजे मटकी फोड़ व श्री कृष्ण महारासलीला का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा।

## कृष्ण जन्माष्टमी पर कार्यक्रम आयोजित

सीमा संदेश संवाददाता

**डेगाना।** आदर्श शिक्षण संस्थान नागौर द्वारा संचालित शारदा बाल निकेतन डेगाना में बुधवार को कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विद्या मंदिर के छोटे-छोटे भैया बहनों द्वारा कृष्ण जन्म माखन चुराना मटकी फोड़ना सुदामा द्वारा कृष्ण द्वार पर जाना कृष्ण गोपियों की रासलीला इत्यादि अनेक सजीव झांकियां से जाकर लघु नाटिकाएं प्रस्तुत की गई। अंत में कृष्ण द्वारा बाल शाखों के साथ मिलकर लगभग 20 फीट ऊंची बंदी मटकी फोड़ कर मक्खन खाने का दृश्य प्रस्तुत किया गया।

प्रधानाचार्य गणपत राम ने सभी को कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई देते हुए आगंतुक महानुभावों का धन्यवाद किया कार्यक्रम में अनेक अभिभावक हरिकिशन जोशी, प्रेमचंद डाबरिया, प्रेमचंद बहुरा, मुकेश, खंड विस्तारक गजेंद्र जांगिड़, किशोर जांगिड़, ताराचंद गरवा, जगदीश राम, ममता, सरोज मातवा, कमलेश वैष्णव, पूर्णिमा जांगिड़ इत्यादि उपस्थित रहे।

PEGASUS

**पेगासस एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड**

55-56, 5वीं मंजिल, फ्री प्रेस हाउस, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400 021. टेलि: 022 - 6188 4700
ईमेल: sys@pegasus-arc.com यूआरएल : www.pegasus-arc.com

**ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना**

**प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों का पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) और 9 (1) के प्रावधानों के अधीन अचल सम्पत्तियों का विक्रय**

यहां जनसामान्य और विशेष रूप से ऋणधारक व जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लेखित अचल सम्पत्ति सुरक्षित लेनदार पेगासस असेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड जो पेगासस ग्रुप थर्टी नाईन ट्रस्ट I (पेगासस) के बंधक/प्रभार में है को सरफेसी एक्ट, 2002 के प्रावधानों के अधीन आरबीएल बैंक लिमिटेड द्वारा निम्न उल्लेखित ऋणधारक की बकाया, निम्नलिखित प्रतिभूति हित सहित 31/03/2021 को अनुबंध से सौंप दी थी।

इस अनुबंध के मद्देनजर सुरक्षित लेनदार के रूप में पेगासस एआरसी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा 07.02.2023 को नीचे उल्लेखित बंधक सम्पत्ति का कब्जा प्राप्त कर लिया और इसे **मैसर्स शगुन सुरभि इंटरप्राइजेज मालिक श्री नरेन्द्र सिंह यादव, श्री नरेंद्र सिंह यादव पुत्र श्री प्रभु दयाल यादव, श्री. महेंद्र सिंह यादव पुत्र श्री प्रभु दयाल यादव एवं श्री रोहितास्व गजेंद्र यादव पुत्र श्री प्रभु दयाल यादव के माध्यम** से पेगासस असेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड की बकाया राशि जो धारा 13(2) के अधीन 10/09/2021 को जारी नोटिस के अनुसार **रु. 55,76,803.52/-(रुपये पिचपन लाख छिहत्तर हजार आठ सौ तीन व पैसे बावन मात्र)** [05/09/2023 के अनुसार रुपये रु. 81,69,901.04/- (रुपये इक्यासी लाख उनहत्तर हजार नौ सौ एक व पैसे चार मात्र) + इस पर **06/09/2023** से लागू अनुबंध दर के अनुसार वसूली तक ब्याज और लागत और खर्चों सहित की वसूली के लिए **29.09.2023** को 'जैसी है जहां है', 'जैसी है क्या है' व 'वहां जो भी है आधार' पर विक्रय की जायेगी। यदि ऋणधारक/जमानतदार सुरक्षित आस्तियों की बिक्री से पहले किसी भी समय पेगासस को सभी लागतों, प्रभारों और खर्चों के साथ पेगासस की पूरी बकाया राशि का भुगतान करते हैं, तो कोई बिक्री नहीं की जाएगी।

**आरक्षित मूल्य रुपये 35,24,000/- (रुपये पैंतीस लाख चौबीस हजार मात्र) और बयाना राशि 3,52,400/- (रुपये तीन लाख बावन हजार चार सौ मात्र) होगी।**

| | |
|---|---|
| ऋणधारक/ जमानतदार का नाम | 1. मैसर्स शगुन सुरभि एंटरप्राइजेज<br>2. श्री नरेंद्र सिंह यादव<br>3. श्री महेंद्र सिंह यादव<br>4, श्री रोहितास व गजेंद्र यादव |
| बकाया राशि | 10/09/2021 के अनुसार रु. 55,76,803.52/- धारा 13(2) के तहत जारी नोटिस के अनुसार [05/09/2023 के अनुसार रुपये रु. 81,69,901.04 (रुपये इक्यासी लाख उनहत्तर हजार नौ सौ एक व पैसे चार मात्र) + इस पर 06/09/2029 से भुगतान तक अनुबंध दर और लागतों, प्रभारों और खर्चों सहित। |
| अचल संपत्ति का विवरण: | आवासीय मकान नंबर 2बी-65, सेक्टर 2-बी, नाहरी का नाका शास्त्री नगर जयपुर राजस्थान-302016 के समस्त खण्ड व हिस्से। अधिमापन 90 वर्ग मीटर |
| आरक्षित मूल्य | रु. 35,24,000/- |
| बयाना राशि जमा (आरक्षित मूल्य का 10%) | रु. 3,52,400/- |
| चल संपत्ति का विवरण: | निल |
| दावे, यदि कोई हों, जो संपत्ति और सुरक्षित लेनदार के लिए ज्ञात किसी भी अन्य बकाया राशि और मूल्य के लिए आगे रखे गए हैं | ज्ञात नहीं है |
| सीईआरएसएआई आईडी | 200017369929 |
| संपत्ति का निरीक्षण | 25/09/2023 को सुबह 11.00 बजे से अपराह्न 2.00 बजे के बीच। संपर्क व्यक्ति: श्री नितिन कश्यप (प्राधिकृत अधिकारी) और @8447636680 और सुरेन्द्र सिंह @ 8947960010 |
| बोली/बोली जमा करने की अंतिम तिथि: | 28/09/2023 प्रात: 11.00 से सायं 4:00 बजे |
| बोली खोलने का समय और स्थान | ई-नीलामी/बोली वेबसाइट (https://sarfaesi.auctiontiger.net) के माध्यम से दिनांक 29/09/2023 को प्रात: 11.00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक |

**यह प्रकाशन प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) व 9(1) के तहत उक्त ऋणधारकों/जमानतदारों के लिए 15 दिनों की सूचना है।**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया ई-नीलामी/बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए व ई-नीलामी में भाग लेने के लिए अपनी बोली जमा करने से पहले संबंधित संपत्ति और अन्य विवरण सुरक्षित लेनदार वेबसाइट अर्थात http://www.pegasus-arc.com/assets-to-auction.html में दिए गए लिंक का संदर्भ लें। बोलीकर्ता वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net पर भी जा सकते हैं या सेवा प्रदाता मैसर्स ई प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजी लिमिटेड ऑक्शन टाइगर, बोलीदाता की सहायता के लिए : 079-68136805/68136837 मो.: +919978591888, ईमेल: ramprasad@auctiontiger.net और support@auctiontiger.net. पर संपर्क कर सकते हैं।

स्थान: जयपुर
दिनांक: 06.09.2023

प्राधिकृत अधिकारी
पेगासस एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड
(पेगासस ग्रुप थर्टी नाईन ट्रस्ट I के ट्रस्टी)